AJ-1058

B.A. (Part–II) Term End Examination, 2021-22

HINDI LITERATURE (Paper-II)

Time : 3 hours] **[Maximum Marks : 75**

नोट– *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए– **7×3=21**

(क) जात पे जात, टके सेर जात। एक टका दो, हम अभी अपनी जात बेचते हैं, टके के वास्ते ब्राह्मण से धोबी हो जायें, और धोबी को ब्राह्मण कर दें, टके के वास्ते जहाँ कहो वैसी व्यवस्था दें। टके के वास्ते झूठ को सच करें। टके के वास्ते ब्राह्मण से मुसलमान, टके के वास्ते हिन्दू से क्रिस्तान। टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेंचे, टके के वास्ते झूठी गवाही दें।

अथवा

कुल मरजाद न मान बड़ाई। सबै एक से लोग लुगाई।
जात-पात पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई।
वेश्या जोरु एक समाना, बकरी गऊ एक करि जाना।
सोये मारे मार डोले, छली दुष्ट सिर चढ़ि-चढ़ि बोले।
प्रगट सरुप अंतर छलधारी, सोई राज सभा बल भारी।
सोच कहै ते पनही खावै, झूठे बहुविधि पदवी पावै।।

(ख) अरे भाई, क्या जीत, क्या हार? यहाँ तो इसका कभी सपने में भी ख्याल नहीं करते। हम तो ईमानदारी से जीना चाहते हैं। मैं फिर कहता हूँ, जीवन एक कला है और सबसे बड़ी कला।

अथवा

मुझे कचनार फूल की ललाई बहुत भाती है, सबसे बड़ी बात यह है कि इन फूलों की पकौड़ियाँ भी बन सकती हैं। पर दुर्भाग्य देखिए कि इतना स्वस्थ पेड़ ऐसा सूना पड़ा हुआ है। और वह कमजोर, दुबला लहक उठा है। कमजोरों में भावुकता ज्यादा होती होगी।

(ग) मेरे बच्चे कितने भी गंदे, बत्तमीज, लड़ाकू हों, मुझे मंजूर है, लेकिन ये चोरी करें, झूठ बोलें, मैं इन्हें जिन्दा नहीं रहने दूँगा। मार के मर जाऊँगा इन्हीं के संग। मुंशी जी मुझे पता है झूठ, चोरी के कीड़े कहाँ मिले हैं मेरे बच्चों को।

अथवा

विज्ञान की अपेक्षा कवि का दृष्टिकोण अधिक मानवीय होता है। वैज्ञानिक मनुष्य को भी पत्थर, मेंढक और बंदर की तुलना में रख उसे प्रकृति के धरातल पर ले आता है और कवि प्रकृति का भी मानवीयकरण कर उसे भाव-समन्वित बना देता है।

2. 'अंधेर नगरी' नाटक समसामयिक संदर्भों में प्रासंगिक है। विवेचना कीजिए। **12**

अथवा

विद्यानिवास मिश्र का लेख के आधार पर साहित्यिक परिचय प्रदान कीजिए।

[P.T.O.]

3. 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **12**

अथवा

'एक दिन' एकांकी में भारतीय आदर्श की प्रतिष्ठा की गई है। स्पष्ट कीजिए।

4. टिप्पणी लिखिए– (कोई 3) **15**

(1) राहुल सांकृत्यायन का साहित्यिक परिचय।

(2) विरह की कवयित्री– महादेवी वर्मा।

(3) हबीब तनवीर का साहित्यिक योगदान।

(4) काव्येषु नाट्यम रम्यम का उद्देश्य।

(5) स्ट्राईक एकांकी का सार।

5. वस्तुनिष्ठ प्रश्न हल कीजिए– (कोई 15) **15×1=15**

(1) पाठ्य पुस्तक में समाहित नाटक को छोड़कर भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित अन्य रचना का नाम लिखिए।

(2) शांति भंग करने वाला मनोविकार किसे कहा गया है?

(3) हरिशंकर परसाई द्वारा लिखित लेख का नाम लिखिए।

(4) स्ट्राईक का शाब्दिक अर्थ लिखिए।

(5) 'द्रुत' पाठ में किस गद्य लेखिका का उल्लेख है?

(6) चिंतामणि किसकी रचना है?

(7) भारतेन्दु के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रहसन का नाम लिखिए।

(8) 'मम्मी ठकुराईन' किस विधा का लेख है?

(9) मोहन-राकेश के एक नाटक का नाम लिखिए।

(10) राहुल सांकृत्यायन का प्रारम्भिक नाम लिखिए।

(11) महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा संपादित पत्रिका का नाम क्या है?

(12) गद्य रंग के प्रधान संपादक कौन हैं?

(13) हबीब तनवीर गद्य लेख की किस विधा में लिखते हैं?

(14) आधुनिक युग के जनक किसे माना जाता है?

(15) घुमक्कड़ी को किसने धर्म माना है?

(16) आपके पाठ्यक्रम में कितने निबंध समाहित हैं?

(17) 'ठलुआ क्लब' किसका लेख है?